पंजाब केसरी 29/11/2022

# 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित कार्यशला को संबोधित करते हुए वक्ता। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 28 नवम्बर (मनीष): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज अम्बाला छावनी के प्रांगण में प्राचार्य डा. वी.के. जैन की अध्यक्षता तथा डा. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में मनोविज्ञान विभाग व प्लेसमैंट सैल द्वारा 1 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि जी.एम.एन. कालेज, विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार प्रदान करने के लिए भी वचनबद्ध है। महाविद्यालय द्वारा ऐसे अनेक कार्यक्रम और कार्यशाला आयोजित की जाती है, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर सके। इस कार्यशाला में 58 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार, डा. रवनीत कौर, डा. सुरेंद्र कुमार और प्रो. अमनीश, प्रो. श्याम रेहजा उपस्थित रहे।